<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>
<u>09.03.2021</u>

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 09.03.2021 को वेबीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय था "Investor awareness program" यह कार्यक्रम Bombay Stock exchange, investor protection fund तथा वाणिज्य विभाग अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में रखा गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी की सदप्रेरणा से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो ना केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए भी अत्यधिक जानकारी प्रदान करने वाला होता है। इसी दिशा में यह ऑनलाइन राष्ट्रीय वेवीनर भी एक कदम था। जो महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए उन्हें विनियोग संबंधित संबंधित जानकारी के लिए आयोजित किया गया। डॉ० रेखा सैन सहायक प्रोफेसर ने मुख्य वक्ता श्री रघुनंदन पटनायक (राष्ट्रीय प्रशिक्षक) विषय पर प्रकाश डालने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में विनियोग एक विषय है जिसमें सुरक्षा और लाभ दोनों तत्वों का होना अति आवश्यक है।

मुख्य वक्ता ने बहुत ही सहज भाव से विनियोग उपयोगी टिप्स बताएं उन्होंने कहा कि किसी भी साधन में विनियोग करने से पहले हमें विनियोग के विभिन्न पहलुओं जैसे सुरक्षा वापसी ब्याज समय अवधि जोखिम आदि तत्वों का अच्छी प्रकार से अन्वेषण करना चाहिए। मुख्य वक्ता ने इस विषय पर SEBIसेबी और RBI रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के विविन दिशानिर्देशों का पालन करने पर बल दिया। इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों के माध्यम से शंकाओं का समाधान के साथ हुआ।